# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–04 जनवरी 2026** **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि 2014 के बाद खेलों में भारत का प्रदर्शन लगातार बेहतर हुआ है। आज वाराणसी में, 72वें राष्ट्रीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का ऑनलाइन उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा कि भारत 2036 में ओलिंपिक खेलों की मेजबानी का प्रबल दावेदार है। श्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने खेल के क्षेत्र में कई सुधार किए हैं जिनमें राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम और खेलो भारत नीति शामिल हैं।

***स्पोर्ट्स सेक्टर में भी सरकार ने बड़े रिफॉर्मस किए हैं। नेशनल स्पोर्ट्स गर्वनेंस और गर्वनेंस एक्ट खेलों भारत नीति 2025 इस प्रकार के प्रावधानों से सही टेलेंट को अवसर मिलेगा। खेल संगठनों में ट्रांस्पेरेंसी बढेगी। देश के युवाओं को स्पोर्ट्स और एज्युकेशन दोनों ही क्षेत्रों में एक साथ आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा।***

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश का खेल मॉडल खिलाड़ियों के अनुकूल है और इसलिए विगत वर्षों में खेलों में हम सफल रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार खेल प्रतिभाओं की पहचान, उनके उचित प्रशिक्षण, पोषक आहार और पारदर्शी चयन–प्रक्रिया पर ध्यान दे रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब भारत में खेलों का बुनियादी ढांचा भी मजबूत हो रहा है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले साढ़े ग्यारह वर्ष के दौरान पूरे देश ने भारत के समग्र विकास को अपनी आखों से देखा है।

***पिछले साढ़े ग्यारह वर्षों के अंदर पूरे देश ने भारत के समग्र विकास को अपनी आँखों से देखा है। एक नए, बदलते हुए भारत को, जो भारत अपनी विरासत पर आधुनिक विकास पर गौरव की अनुभूति तो कर ही रहा है। आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के जिस नए मॉडल को आदरणीय प्रधानमंत्री जी के विजन और दृढ़ इच्छाशक्ति से आज हर भारतवासी उसका लाभ ले रहा है और नए और विकसित भारत की जिस संकल्पना को आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने देशवासियों को दिया है, उसको मूर्त रूप से आज वह दर्शन कर रहा है।***

राष्ट्रीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट 11 जनवरी तक चलेगा। इसमें देशभर के एक हजार से अधिक खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। इस खेल के आयोजन से वाराणसी, राष्ट्रीय खेल मानचित्र में शामिल हो गया है।

**********

केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मनरेगा भ्रष्टाचार का एक पर्याय बन चुका था, जहां श्रमिकों को प्रायः दरकिनार करके उनका शोषण किया जाता था। आज नई दिल्ली में संवाददाताओं से उन्होंने कहा कि कांग्रेस विकसित भारत रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन–ग्रामीण–जी राम जी कानून को लेकर जनता को गुमराह कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पार्टी मनरेगा की नहीं, बल्कि इसमें हो रहे भ्रष्टाचार की रक्षा करना चाह रही है। श्री चौहान ने कहा कि विशाल बजट के बावजूद, मनरेगा ने किसी स्थायी संपत्ति सृजन या गांवों के दीर्घकालिक विकास को बढावा नहीं दिया। उन्होंने कहा कि नए विधेयक से श्रमिकों की आर्थिक स्थिति बेहतर होगी।

**********

निर्वाचन आयोग ने ई.सी.आई–नेट ऐप में सुधार के लिए लोगों से सुझाव मांगे हैं। इस ऐप पर 10 जनवरी तक सुझाव दिए जा सकते हैं। आयोग ने मतदाताओं को बेहतर सेवाएं और चुनाव संबंधी जानकारी देने के लिए ये डिजिटल मंच तैयार किया है।

**********

वर्ष 2025 भारत की विकास यात्रा में एक निर्णायक कालखंड रहा है। इस वर्ष देश की प्रगति में कई नीतियों का उल्लेखनीय योगदान रहा और मजबूत इरादों ने सार्थक परिणाम दिए। हमारी विशेष श्रृंखला 'सुधारों का वर्ष' में आज हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को एक आदर्श नेता के रूप में देखे जाने की चर्चा कर रहे हैं।

***देश के भीतर मजबूत आर्थिक नेतृत्व और विदेशों में आत्मविश्वासी कूटनीति के चलते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक स्थिर और विश्वसनीय नेता के रूप में उभरे। जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका ने पारस्परिक शुल्क लगाए तब प्रधानमंत्री मोदी के नेशन फर्स्ट रुख ने यह स्पष्ट कर दिया कि भारत अब आसमान व्यापार समझोतों या बाहरी दबाव को स्वीकार नहीं करेगा। राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में प्रधानमंत्री मोदी ने आतंकवाद के खिलाफ नई नीति को स्पष्ट किया। 2025 में प्रधानमंत्री मोदी को कुल 29 वैश्विक सम्मान प्रदान किए गए। दृष्टि के साथ अक्षित कुमार वैद्यान, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।***

**********

प्रदेश के लगभग सभी पूर्वी जिलों में घने कोहरे और शीतलहर का सिलसिला जारी है। इसके चलते जन–जीवन प्रभावित हुआ है और इसका असर सड़क, रेल और हवाई यातायात पर पड़ा है। कोहरे के कारण दृश्यता कम होने से ट्रेनें विलम्ब से चल रही हैं जबकि हवाई उड़ानें निर्धारित समय पर नहीं हो पा रही हैं। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के लिए राज्य के अधिकांश जिलों में घने कोहरे की चेतावनी जारी की है और शीतलहर जारी रहने का पूर्वानुमान जताया है।

**********